हिन्दी / HINDI

प्रश्न-पत्र I / Paper I

(साहित्य) / (LITERATURE)

*निर्धारित समय : **तीन** घंटे* *Time Allowed : **Three** Hours*	*अधिकतम अंक : **250*** *Maximum Marks : **250***

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*कुल **आठ** प्रश्न हैं, जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं ।*

*उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*प्रश्न सं. **1** और **5** अनिवार्य हैं और शेष में से **तीन** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है, जिनमें प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न होना चाहिए ।*

प्रत्येक प्रश्न / भाग के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

*उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे ।*

जिन प्रश्नों के संबंध में अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित है, वहाँ इसका अनुपालन किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तर की गणना संख्यात्मक क्रम में की जाएगी । यदि किसी प्रश्न को काटा नहीं गया, तो उस प्रश्न को गिन लिया जाएगा भले ही उसका उत्तर आंशिक तौर पर क्यों न लिखा गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ का भाग, जो खाली छोड़ा गया हो, उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

*Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).*

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

SECTION A

Q1. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) आरम्भिक हिन्दी की व्याकरणिक विशेषताएँ *10*

(b) खड़ी बोली के विकास में सिद्ध-नाथ साहित्य का योगदान *10*

(c) दक्खिनी हिन्दी का स्वरूप *10*

(d) देवनागरी लिपि : सुधार की दिशाएँ *10*

(e) राष्ट्रभाषा हिन्दी की प्रयोग संबंधी चुनौतियाँ *10*

Q2. (a) पूर्वी हिन्दी की किन्हीं दो बोलियों की प्रमुख व्याकरणिक विशेषताओं की समीक्षा कीजिए । *20*

(b) स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान प्रयुक्त होने वाली हिन्दी अपनी किन विशेषताओं के साथ राष्ट्रभाषा बनी ? स्पष्ट कीजिए । *15*

(c) खड़ी बोली की व्याकरणिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *15*

Q3. (a) मानक हिन्दी को व्यावहारिक बनाने के लिए जिन व्याकरणिक नियमों को संशोधित किया गया है, उससे पढ़ने और लिखने में विसंगतियाँ आ रही हैं । उदाहरण देकर समझाइए । *20*

(b) आज हिन्दी को वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन के क्षेत्र में विशेष महत्त्व मिला है । इसके कारणों पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) "हिन्दी और उसकी क्षेत्रीय बोलियों के अन्तर्संबंध से जो राष्ट्रीय एकता स्थापित हुई है, वह अद्वितीय है ।" इस कथन की मीमांसा कीजिए । *15*

Q4. (a) उन्नीसवीं शताब्दी में नागरी लिपि की स्थिति पर प्रकाश डालिए । *20*

(b) हिन्दी के विकास में अवधी के योगदान की समीक्षा कीजिए । *15*

(c) ब्रजभाषा की व्याकरणिक विशेषताओं का आकलन कीजिए । *15*

Optional Province · optionalprovince.com

SECTION B

Q5. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) हिन्दी में साहित्येतिहास लेखन की परंपरा और महत्त्व *10*

(b) तुलसी की लोकमंगल सम्बन्धी अवधारणा *10*

(c) रीतिकालीन कविता में प्रकृति *10*

(d) छायावादी काव्य की प्रमुख दो विशेषताएँ *10*

(e) हिन्दी रंगमंच का उद्‌भव और विकास *10*

Q6. (a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा किया गया हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन कितना प्रासंगिक है ? सप्रमाण उत्तर लिखिए । *20*

(b) नाट्य-कला की दृष्टि से भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के मौलिक नाटकों का विवेचन कीजिए । *15*

(c) नागार्जुन की कविताओं में भारतीय समाज की विसंगतियों और विडम्बनाओं को यथार्थ रूप में उकेरा गया है । स्पष्ट कीजिए । *15*

Q7. (a) "प्रेमचन्द के उपन्यास भारतीय कृषक जीवन के सच्चे दस्तावेज़ हैं ।" इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए । *20*

(b) "जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ शिल्प का ताजमहल हैं ।" इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) रंगमंचीयता की दृष्टि से जगदीश चन्द्र माथुर के नाटकों का विवेचन कीजिए । *15*

Q8. (a) हजारीप्रसाद द्विवेदी के आलोचनात्मक प्रतिमानों पर प्रकाश डालिए । *20*

(b) हिन्दी के यात्रा-वृत्तान्त की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) "विद्यानिवास मिश्र के ललित निबंध भारतीय संस्कृति के आख्यान हैं ।" इस कथन की समीक्षा कीजिए । *15*

Optional Province · optionalprovince.com